**Regarding Need to establish indoor stadium in Sandila/Bilhaur in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid**

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** मैं केंद्र प्रायोजित "खेलो इंडिया योजना" की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । जिसका उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्ट प्राप्त करना है । जिससे लोग इसके व्यापक प्रभाव के माध्यम से खेलकूद की क्षमता का उपयोग कर सकें । खेलो इंडिया कार्यक्रम में खेल के मैदान का विकास करना सामुदायिक खेलों को बढ़ावा देना, ग्रामीण और स्वदेशी खेलों के साथ-साथ स्कूल और विश्वविद्यालय दोनों स्तरों पर एक मजबूत खेल प्रतियोगिता संरचना की स्थापना, दिव्यांगजनों के लिए खेल तथा महिला खेल तथा महिला खेल और स्कूली बच्चों के लिए राष्ट्रीय शारीरिक फिटनेस अभियान का कार्यान्वयन करना शामिल है । मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, खेलो इंडिया योजना से खेल के बुनियादी ढांचे और खेल के मैदान की सुविधाओं के प्रावधान के माध्यम से निश्चित रूप से मेरे क्षेत्र के संडीला में ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों का विकास होगा । मैं माननीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि हरदोई जिला के संडीला/बिल्हौर को ?खेलो इंडिया योजना? के तहत शामिल किया जाए एवं इस योजना के अंतर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख के संडीला/बिल्हौर में एक इंडोर स्टेडियम का निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की जाए ।